हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 01 अप्रैल 2025 समय 1810

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में खाद की बढ़ती कीमतों के बावजूद किसानों को सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध करवाई जा रही है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि मंडियों में गेहूं की फसल की खरीद को लेकर पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

मुख्यमंत्री प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पात्र लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

***********************************************************************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के बावजूद सरकार द्वारा किसानों को सस्ती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उर्वरक कृषि उत्पादन के लिए आवश्यक घटक है तथा सरकार ने उर्वरक की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को यूरिया की 266 रुपए प्रति बोरी उपलब्ध कराई जा रही है।

श्री शिवराज ने कहा कि किसानों का कल्याण इस सरकार के डी एन ए में है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में कृषि क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड बजटीय आवंटन किया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने फसलों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए किसानों को जलवायु अनुकूल उच्च उपज देने वाली किस्मों के बीज उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया है।

**************************************************************
*********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के चंडी माता मंदिर में माथा टेका। इस अवसर पर कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति व प्रशासनिक अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

इस दौरान गेहूं की खरीद के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडियों में गेहूं की फसल की खरीद आरंभ हो गई है।

उन्होंने कहा विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वो फसल खरीद को लेकर बोलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई दिक्कत न आए और गेहूं का उठान भी सुचारू □ंग से हो।

**************************************************************
*********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम 15 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों कोयह निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों से एक विशेष अभियान चलाकर इस सम्बन्ध में टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाएं 15 दिनों के अंदर पूरी करने को कहा।इसके अतिरिक्त, उन्होंने पांच ज़िलों में जिला परिषद् को स्थानांतरित की गई सभी सड़कों की रिपेयर और मरम्मत भी तय समय सीमा में

पूरी करवाने की हिदायत की ।उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध में कोई कोताही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

****************************************************************
********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

****************************************************************
***********

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना बीते एक दशक में भारत में लैंगिक समानता और बच्चियों की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।स्वास्थ्य मंत्री आज रेवाड़ी जिले के गांव रामपुरा में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में छात्राओं को सम्मानित करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रही थी।उन्होंने ग्रामवासियों से बेटियों को बचाने और उन्हें खूब पढ़ाने लिखाने का आह्वान करते हुए कहा-

उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के लिंगानुपात डाटा के अनुसार उनका स्वयं का गांव रामपुरा 5 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में लिंगानुपात सुधार में रेवाड़ी जिले में पहले पायदान पर रहा है। उन्होंने गांव की इस उपलब्धि पर गर्व जताया।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में देश-प्रदेश का मान बढ़ा रही है।उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से शुरू

की गई एक प्रमुख पहल है, जो बालिकाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

*****************************************************************************

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि पात्र लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है।श्री हरविन्द्र कल्याण आज जिला करनाल के घरौंडा हलका के सोहाना, शेखपुरा जागीर, नगला फार्म और नगला मेघा गांवों आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षित लोगों से अनपढ़ लोगों के फार्म भरने इत्यादि में मदद करने की अपील की ताकि वे योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए वचनबद्ध है।इस दोरान उन्होंने सुहाना से नदी के पुल तक बनने वाली करीब 700 मीटर लंबी सडक़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कुटैल में दीन दयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी इसी साल से शुरू हो जायेगी।

**************************************************************************.

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने गांव धोलागढ़ में सडक़ निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर जांच और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

आज नगर पलवल नगर परिषद द्वारा गांव धोलागढ़ में 32 लाख रूपए की लागत से इंटर लॉकिंग टाइल से बनाई जा रही सडक़ का निरीक्षण करने के उपरांत खेल राज्य मंत्री ने अधिकारियों को जांच के आदेश दिए।श्री गौतम ने कहा कि स्थानीय लोगों ने ठेकेदार द्वारा सडक़ निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाया है।
उन्होंने कहा -

खेल मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*******************************************************************
***********

लोकसभा में कल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 विचार और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मत्रीं किरेन रिजिजू ने आज संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सदन में विधेयक पर आठ घंटे की चर्चा का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी है कि सदन की राय जानने के बाद चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। श्री रिजिजू ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इस विधेयक की खिलाफत कर रहे हैं।केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक का उद्‌देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं, बल्कि न्याय देना है।

*******************************************************************
**********

हरियाणा में आज से स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत की गयी है। इस अभियान के तहत शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश भर के राजकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है।जींद जिले के गांव अलेवा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्‌यालय में स्कूल के प्रवेश द्‌वार पर दाखिला लेने आए बच्चों का फूल मालाओं एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।